नए ट्यूबवैल से ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति हो सकेगी : गोदारा

■ नौरंगदेसर में नवनिर्मित ट्यूबवैल का लोकार्पण तथा बेलासर-द्वितीय में 33 केवी जीएसएस का शुभारंभ किया

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शुक्रवार को रूपेरा और नौरंगदेसर में नवनिर्मित ट्यूबवैल का लोकार्पण किया। गोदारा ने बेलासर-द्वितीय में 33 केवी जीएसएस का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में ढांचागत विकास के लिए विशेष ध्यान दे रही है। ग्रामीणों को सुचारू विद्युत और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सतत रूप से नई स्वीकृतियां जारी की जा रही हैं।

ग्राम वासियों को ट्यूबवैल निर्माण की बधाई देते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि रूपेरा और नौरंगदेसर में लम्बे समय से ग्रामीणों की मांग को पूरा किया गया है। नया ट्यूबवैल बनने से ग्रामीणों को सुगम पेयजल आपूर्ति हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है।

ग्रामीणों की मांग के अनुरूप प्राथमिकता से ट्यूबवैल, जीएसएस, सड़कें, स्वास्थ्य केन्द्र निर्मित करवाए जा रहे हैं। स्कूलों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नए कक्षा कक्ष निर्माण के साथ रिक्त पदों पर स्टाफ की नियुक्ति का कार्य भी प्राथमिकता पर है।

उन्होंने कहा कि गत एक वर्ष में डबल इंजन की सरकार ने पूरी क्षमता से आमजन के जीवन स्तर को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। बजट घोषणाओं में जिले के विकास के लिए अभूतपूर्व घोषणाएं की गई हैं। इनके समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक स्तर पर समुचित समन्वय किया जा रहा है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि शिक्षित एवं विकसित लूणकरनसर की दिशा में संकल्पबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र की सभी प्राथमिकताओं को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए क्षेत्र वासियों को सभी आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जायेगी।

इससे पहले ग्रामीणों द्वारा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच रामदयाल गोदारा, हेतराम कूकणा, गणपत गोदारा, अखाराम गोदारा, रामनिवास खीचड़, पूर्व सरपंच रामलाल गोदारा, पंचायत समिति सदस्य रवि सारस्वत, उपप्रधान राजकुमार कस्वा, अधिशासी अभियंता नरेश कुमार रेगर सहित ग्रामीण एवं अधिकारी मौजूद थे।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सुमित गोदारा शनिवार को सादुलगंज स्थित अपने आवास पर आमजन के अभाव अभियोग सुनेंगे। गोदारा प्रातः 9 से दोपहर 3 बजे तक आमजन की समस्याएं सुनेंगे।

मेघवाल आज आयेंगे : केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शनिवार प्रातः 7:20 बजे बीकानेर पहुंचेंगे।

मेघवाल दोपहर 10 बजे डूंगर महाविद्यालय में वातानुकूलित वाचनालय का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद स्नातकोत्तर संगीत कोर्स, बीसीए, बीबीए कोर्स व ऑडिटोरियम का निरीक्षण करेंगे।

घनी आबादी से प्रस्तावित रेल बाइपास निकालने का विरोध

हनुमानगढ़, (कासं)। चक 3-केएनजे और आनंद विहार कॉलोनी में प्रस्तावित रेलवे बाइपास को लेकर नागरिकों ने जिला प्रशासन और रेल प्रशासन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

नागरिकों कहना है कि बिना वैध सर्वे और फिजिबिलिटी रिपोर्ट के जारी की गई, अधिसूचना न केवल कानून और न्याय का उल्लंघन है बल्कि हजारों परिवारों के आशियानों पर संकट भी खड़ा कर रही है। कॉलोनी में रेल प्रशासन के निर्देशानुसार पहुंचे प्रशासन के प्रतिनिधियों का कॉलोनी वासियों द्वारा कड़ा विरोध किया गया।

नागरिकों ने बताया कि रेलवे बाइपास को लेकर 2011 और 2015 में अधिसूचनाएं जारी की गई थी। जिन्हें राजस्थान उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

2018 में भी इसी मुद्दे पर अदालत ने एसडीएम हनुमानगढ़ पर 50 हजार रूपए जुर्माना लगाया और नए सर्वेक्षण का आदेश दिया था। हालांकि न रेलवे ने और न ही जिला प्रशासन ने उस आदेश की पालना की।

अब 2024 में बिना किसी फिजिबिलिटी रिपोर्ट और नए सर्वे के अधिसूचना जारी की गई है। पार्षद सागर गुर्जर के नेतृत्व में नागरिकों ने चेतावनी दी है कि अगर रेलवे और प्रशासन ने इस अधिसूचना को खारिज नहीं किया और लोगों को बेघर करने का प्रयास किया तो चक्का जाम और रेल रोको जैसे उग्र आंदोलन किए जायेंगे।

गौरतलब है कि रेल बाइपास के विरोध में दर्ज आपत्तियां एसडीएम खारिज कर चुके हैं। निवासियों का कहना है कि रेलवे बाइपास का उद्देश्य घनी आबादी से रेल यातायात को हटाकर बाहरी क्षेत्र से गुजरने की व्यवस्था करना होता है। लेकिन वर्तमान अधिसूचना में रेलवे बाइपास को शहर की घनी आबादी के बीच से निकाला जा रहा है।"इससे मकानों और जमीनों के मूल मालिकों को बेघर करने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

सार-समाचार

सामाजिक अंकेक्षण पर प्रशिक्षण

बीकानेर, (कासं)। जिला परिषद सभागार भवन में जिले के 44 ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों के लिए सामाजिक अंकेक्षण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। यह प्रशिक्षण समग्र शिक्षा एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला संसाधन व्यक्ति नन्दलाल शर्मा ने प्रशिक्षण दिया और अंकेक्षण के दौरान भरे जाने वाले प्रपत्रों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सही दस्तावेजीकरण से अंकेक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के बारे में बताया। कार्यक्रम में गोपाल जोशी ने सामाजिक अंकेक्षण के प्रचार-प्रसार के तरीकों पर विचार साझा किए और ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों ने इस संदर्भ में समाधान पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परियोजना अधिकारी अभिषेक गोयल ने की। उन्होंने ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि पाई गई अनियमितताओं के साक्ष्य और एविडेंस को सुरक्षित रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे फाइलें अधिक प्रभावी और मजबूत बन सकें। प्रशिक्षण का संचालन सुनील जोशी ने किया तथा प्रशिक्षण प्रक्रिया को महत्वपूर्ण बताया। सहायक विकास अधिकारी गिरिराज शर्मा ने सामाजिक अंकेक्षण को योजनाओं के भौतिक सत्यापन के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को पारदर्शी और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साबित होगा।

नाटक से दी सांस्कृतिक जागरूकता

बीकानेर, (कासं)। रामपुरिया कॉलेज में पिछले 45 दिनों से चले आ रहे अभिनय कार्यशाला के समापन में आज, 29 नवम्बर को दो नाटकों का शानदार मंचन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में सांस्कृतिक जागरूकता और प्रदर्शन कला को बढ़ावा देना था। नाटकों का निर्देशन सुरेश पूनिया ने किया था और इसमें विद्यार्थियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। पहला नाटक नन्दकिशोर आचार्य द्वारा लिखित 'जी जैसी आपकी मर्जी' था, जो समाज में व्याप्त लैंगिक समानता जैसे कुछ गंभीर पहलुओं पर आधारित था। इसमें महाविद्यालय के प्रिया, अंजलि और मानसी द्वारा अभिनय किया गया। इसके बाद दूसरे नाटक नादिरा जहीर बब्बर द्वारा लिखित 'किसी और का सपना' का मंचन किया जो हास्य और मनोरंजन का मिश्रण था। इसमें जैनम, निखिल, गिरिराज, रूद्रप्रताप और प्रसून द्वारा अभिनय किया गया। दोनों नाटकों को देखने वाले दर्शकों ने बडी सराहना की और छात्रों के अभिनय कौशल की प्रशंसा की। कॉलेज के प्रचार्य प्रो. पंकज जैन ने इस आयोजन की देखरेख करते हुए छात्रों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कंप्यूटर विभाग के विभाग्याध्यक्ष अनिल लाटा ने अशोक जोशी और सुरेश पूनिया का धन्यवाद दिया और सभी सहभागियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के अनिकेत कछावा, मुकेश जोशी तथा सभी शिक्षक और छात्रों का अहम योगदान रहा है। मंच संचालन डॉक्टर शालिनी आरी द्वारा किया गया।

झुलसी बुजुर्ग महिला ने दम तोड़ा

बीकानेर, (कासं)। शहर के जेएनवीसी थाना इलाके में आग से झुलसी एक बुजुर्ग महिला की इजला के दौरान मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार 26 नवम्बर को जयपुर रोड स्थित बीएसएफ क्वार्टर में रहने वाली 79 वर्षीय लतिका राय घर में पूजा कर रही थी।

आरयूबी निर्माण को लेकर धरना

नोखा, (कासं)। चरकड़ा की रोही में रेलवे फाटक सी-33 पर आरयूबी का निर्माण कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों ने डीआरएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। बाद में रेलवे फाटक सी-33 के पास धरना देकर बैठ गए।

ज्ञापन में बताया कि चरकड़ा रोही में से रेलवे लाइन गुजरती है। इसके पूर्वी तरफ कई किसान खेतों में ढ़ाणी बनाकर रहते है। इन लोगों को रेलवे लाइन क्रॉस कर दैनिक जरूरतों के लिए चरकड़ा और नोखा आना-जाना पड़ता है। रेलवे की ओर से रियासत काल से ही लोकेशन 534/6-7 पर फाटक बनाया गया था, जो पहले मानव रहित था। बाद में गेट पर होमगार्ड जवान लगा दिए। अभी रेक्सो कंपनी की ओर से गेट पर सेना के रिटायर्ड जवान लगाकर इस गेट का संचालन किया जा रहा है।

इस रेलवे फाटक सी-33 पर अंडरब्रिज बनाने का निर्णय रेलवे की ओर से लिए जाने पर जिला कलक्टर ने दो जुलाई 2012 के पत्रांक में आरयूबी के निर्माण की सहमति प्रदान की थी।

इसके बाद प्रतिवादी शिवपाल सिंह ने आरयूबी को निजी स्वार्थ के चलते करीब 1.2 किमी आगे अपने खेत में बनाने व सी-33 गेट बंद करने की एनओसी जिला कलेक्टर बीकानेर से ले ली थी। यहां पहले से कोई गेट स्थापित नहीं है।

जब स्थानीय ग्रामीणों व ग्राम पंचायत चरकड़ा ने इसका विरोध किया तो पटवारी, गिरदावर, एसडीएम नोखा की रिपोर्ट के आधार पर जिला कलेक्टर ने पूर्व में दी गई एनओसी को विड्रा कर फाटक सी-33 पर ही आरयूबी बनाने व आरयूबी नहीं बनने तक फाटक सी-33 को बंद नहीं करने की एनओसी दी थी।

व्यस्त बाजार में पिंक बसें खड़ी करने पर संशय!

बीकानेर, (कासं)। 80 लाख रूपए से ज्यादा की खरीदी गई नगर निगम की चार पिंक बसें अब उसी के लिए मुसीबत बन रही हैं।

बसें निगम परिसर में खड़ी हैं। इनकी सर्वाधिक आवश्यकता बीकानेर के व्यस्त बाजारों में है। बसों की लम्बाई अधिक है। बाजारों में जगह कम है। इसके कारण बसों को बाजार में खड़ी करने की जगह नहीं मिल पा रही। घने और संकरे बाजार में कोई दुकानदार उसे अपनी दुकानों के आगे खड़ी कराने के लिए तैयार नहीं है। ऊपर से जहां बसें खड़ी होनी हैं वहां बिजली, पानी, सीवरेज का कनेक्शन भी चाहिए होगा।

दरअसल कटला, फड़बाजार, तौलियासर भैरूंजी गली, केईएम रोड, कोटगेट, स्टेशन रोड समेत एक भी बाजार ऐसा नहीं जहां महिलाओं के लिए सुलभ शौचालय की सुविधा हो। मेयर सुशीला कंवर बनी तो उन्होंने इसे अपना एजेंडा बनाया। पांच साल वे भी कुछ नहीं कर सकी। कार्यकाल के अंतिम दिनों में जब ये पूरा होने की बारी आई तो आनन-फानन में काम हुआ।

ऐसी बसें आई जिनको मार्केट में खड़ी करने के लिए जगह चाहिए जिससे यातायात प्रभावित न हो। उनकी सुरक्षा बनी रहे। बिजली, पानी और सीवरेज का कनेक्शन भी हो। तौलियासर भैरूंजी गली में सर्वाधिक जरूरत है। क्योंकि सिर्फ शहर नहीं बल्कि जिलेभर की महिलाएं यहां आती हैं। यहां मंदिर के पास बस खड़ी की जा सकती है मगर कुछ व्यापारी तैयार नहीं है। यही हालात अन्य बाजारों में हैं। सबसे बड़ी समस्या बस को खड़ी करने के लिए जगह की जगह में आ रही है।

लोग सीवरेज चैंबर के ढक्कन तक चोरी कर ले जाते हैं। कई बार सीसीटीवी फुटेज में नगर निगम को इसके प्रमाण मिले हैं। सार्दुल सिंह सर्किल के पास तो पिछले समय के ट्रैक्टर पर लगी लेबर ही चैम्बर उठाती नजर आई।

एम.बी.बी.एस. विद्यार्थियों को नई तकनीक से पढ़ाने पर दिया प्रशिक्षण

■ मरीजों के परिजनों से कैसे संवाद करना है इसके लिए संवेदनशील बनाने पर मंथन किया

बीकानेर,(कासं)। नेशनल मेडिकल कमीशन के निर्देशानुसार तथा सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी के मार्गदर्शन में बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन के चतुर्थ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मेडिकल कॉलेज में 28 से 30 नवम्बर तक किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण शिविर में 30 चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस हेतु एन. एम. सी. की कन्वेयर डॉक्टर अपर्णा महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर से निरीक्षण करने आई। प्रशिक्षण देने वालों में डॉक्टर रेणु सेठिया, डॉक्टर तरूणा स्वामी, डॉक्टर शैलेंद्र सहारण, डॉक्टर महेंद्र जेठानिया, डॉक्टर विनोद छींपा, डॉक्टर बाबूलाल मीणा, डॉ. गौरव शर्मा तथा डॉक्टर सुमिता तंवर ने एम.बी.बी.एस. विद्यार्थियों को किस तरह पढ़ाया जाए व पढ़ाने व परीक्षण बाबत नई तकनीकों व एन.एम.सी. के दिशा निर्देशों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। साथ ही लेक्चर कैसे देना है एवं नई तकनीक से पढ़ाने के तौर-तरीकों पर भी चर्चा हो रही है।

चिकित्सा शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है व एक चिकित्सक स्वयं भी जिंदगी भर सीखता है व नई तकनीकें उपयोग में लाता है। अतः समय समय पर प्रशिक्षण की आवश्यकता रहती है। इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर सोनी ने कहा कि भविष्य में भी अन्य सभी डॉक्टर को प्रशिक्षित किया जायेगा ताकि चिकित्सकीय स्तर में नियमित वृद्धि हो पाये। कॉलेज चिकित्सा शिक्षा में नए आयाम स्थापित करें।

विद्यार्थियों में नैतिकता व अनुशासन की भी नितांत आवश्यकता है। साथ ही उन्हें मरीजों के परिजनों से कैसे संवाद करना है इसके लिए संवेदनशील बनाने पर मंथन किया। उल्लेखनीय है कि एन.एम.सी. में ऐसे प्रशिक्षणों को अनिवार्य कर दिया है।

खेतेश्वर अतिथि गृह का लोकार्पण कल

बीकानेर, (कासं)। इंद्रा कॉलोनी स्थित श्रीखेतेश्वर राजपुरोहित अतिथि गृह का लोकार्पण एक दिसम्बर को सुबह 11:15 बजे होगा। अतिथि गृह के लोकार्पण से पहले सुबह साढ़े दस बजे तुलछाराम महाराज का प्रवचन और भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। इस दिन सुबह 10 बजे तुलछाराम खेतेश्वर बस्ती से यहां पहुंचेंगे।

स्वरूपजी राजपुरोहित ने बताया कि 30 नवम्बर को तुलछाराम महाराज जयपुर रोड से बीकानेर पहुंचेंगे। वे रात्रि विश्राम खेतेश्वर बस्ती स्थित खेतेश्वर मंदिर में करेंगे।

तीन करोड़ से बनी पटेल नगर पुलिया में एक साल में ही आई दरारें

■ नीचे से गुजरने वाली सीवर लाइन जगह-जगह टूटने से लगातार पानी बह रहा है, जिससे दीवारें कमजोर हो चुकी है

बीकानेर, (कासं)। पटेल नगर में 2.93 करोड़ की लागत से एक साल पहले बना पुलिया निर्माण में ठेकेदार व अधिकारियों की अनदेखी के चलते पुलिया में दरारें पड़ गई हैं। स्लैब 4 इंच धंस चुका है। इसके नीचे से गुजरने वाली सीवर लाइन जगह-जगह टूटने से लगातार पानी बह रहा है। जिससे दीवारें कमजोर हो चुकी हैं। पुलिया के गिरने का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों ने घटिया निर्माण और प्रशासन की लापरवाही को हादसे के लिए खुला निमंत्रण बताया है। इसके बावजूद प्रशासन ने यहां से भारी वाहनों का आवागमन बंद करने की जहमत नहीं उठाई। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान सीवर लाइन और पुलिया दोनों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया जिसका परिणाम अब सामने आ रहा है। सीवर लाइनें भी जगह-जगह टूट चुकी हैं। बीते दिनों एक ईंटों से भरा ट्रक सीवर लाइन के ऊपर धंस गया था। जिससे पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद से सीवर का गंदा पानी बाइपास कर दूसरी लाइन में छोड़ा जा रहा है। जिम्मेदारी लेने की जगह पर नगर निगम और यूआईटी के अभियंता इस मामले में आमने सामने हैं।

सीवर लाइन जाम होना भी समस्या की वजह है और तीन करोड़ के निर्माण के समय पुरानी सीवर लाइन का ध्यान न रखना भी बड़ी अनदेखी है। ओवर लोड ट्रक के कारण सीवर लाइन टूटी या टूटी सीवर लाइन में ट्रक धंस गया। अभी सच ये है कि पुल के नीचे से गुजरने वाली सीवर लाइनें भी जगह-जगह टूट चुकी हैं। ये भी लोगों ने देखा है कि ईंटों से भरा ट्रक सीवर लाइन के ऊपर धंस गया था। अब सीवर का गंदा पानी बाइपास कर दूसरी लाइन में छोड़ा जा रहा है, जिससे इलाके में भयंकर बदबू फैल रही है। स्थानीय निवासी रामनिवास चौधरी ने कहा कि सीवर लाइन की बदहाली और पुल के क्षतिग्रस्त होने से यहां लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।

नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला जेब से 36 हजार निकाले

■ खाते से भी ऑनलाइन 48 हजार रुपए निकाले

■ पुरानी आबादी थाने में मामला दर्ज कराया

श्रीगंगानगर, (कासं)। एक व्यक्ति को कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर पिलाने और बेहोशी की हालत में बैंक खाते से ऑनलाइन 48 हजार रूपए पार करने का मामला गुरूवार को शहर के पुरानी आबादी थाने में दर्ज हुआ। आरोपियों ने पीड़ित की जेब से 36 हजार रूपए भी पार कर लिए। इस संबंध में गुरूवार देर रात पुरानी आबादी थाने में मामला दर्ज किया गया।

अनूपगढ़ के बलकरण सिंह पुत्र मक्खन सिंह ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह करीब एक सप्ताह पहले मिनी मायापुरी में अपने परिचित गुरविंद्र सिंह उर्फ भोला व दीनदयाल के पास आया था। यहां दोनों आरोपियों ने उसे बातों में उलझा लिया। आरोपियों ने उसे कोल्ड ड्रिंक दिया और इसमें नशा मिला दिया। नशे की हालत में आरोपियों ने उससे पासवर्ड आदि जानकारी लेकर उसके बैंक खाते से 48 हजार रूपए निकाल लिए।

नशे का असर कम होने पर आरोपी ने अपने मोबाइल पर आया मैसेज देखा तो उसे अपने साथ हुए धोखे का पता लगा।

बलकरण सिंह ने आरोप लगाया कि गुरविंद्र सिंह और दीनदयाल ने उसकी जेब से 36 हजार रूपए भी पार कर लिए। पीड़ित ने इस संबंध में देर रात पुरानी आबादी थाने में मामला दर्ज करवाया। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल कमलेश कुमार ने बताया कि पीड़ित को थाने बुलाया गया है।

गोचर भूमि में की सफाई

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड चार की भीनासर गोचर भूमि में स्वच्छता अभियान का संचालन किया गया। पार्षद हरिओम कड़ेला के नेतृत्व में नगर निगम संसाधनों की सहायता से सफाई की गई। पार्षद हरिओम कड़ेला ने बताया कि इस अवसर पर भीनासर गोचर भूमि में नखतबन्ना मंदिर के पास कूड़े करकट का निस्तारण किया गया एवं मिट्टी का समतलीकरण किया गया। इस दौरान काफी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे। कड़ेला ने मौजूद नागरिकों से गोचर भूमि में कूड़ा करकट नहीं डालने की अपील की एवं गोचर भूमि को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने का आव्हान किया। कड़ेला ने बताया कि स्वच्छ गोचर सुंदर गोचर की परिकल्पना को साकार रूप प्रदान करने के लिए भीनासर गोचर भूमि में लगातार स्वच्छता अभियान का संचालन किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान में वार्ड के जमादार हीरालाल पंडित आदि की भागीदारी सराहनीय रही।

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-निदान, 02, गाँधी नगर, स्कीम, बीकानेर- 334001
फोन नं. : 0151-2200171-73, फैक्स : 0151-2523519

निविदा सूचना दिनांक :- 29/11/2024

निविदा क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का प्रकार
आर / एस / एम / एम / प्रशा / 7 (42) / 2024 / 455 दिनांक 25.11.2024 MML2425WSOB00159	आर. एस. एम. एम.एल.ए एस.बी. यू. एण्ड पी.सी.(जिप्सम), बीकानेर कार्यालय भवन में साफ सफाई एवं रख रखाव हेतु। अनुबन्ध राशि रू. – 04.20 / – लाख, निविदा शुल्क रू. 590 / –

विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in और अथवा वरिष्ठ प्रबंधक (का.एवं प्रशा.) जिप्सम, बीकानेर से सम्पर्क कर सकते है।
राज.संवाद/सी/24/8492 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

10 हिस्ट्रीशीटर सहित 215 अपराधी गिरफ्तार

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर पुलिस ने संगठित अपराधियों व असामाजिक तत्वों के विरूद्ध एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत बड़ा वार किया है।

जिसके चलते पुलिस ने 10 हिस्ट्रीशीटर, एक ईनामी बदमाश सहित 215 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आईजी ओमप्रकाश के निर्देशन में जिला पुलिस की ओर से चलाएं गये एक दिवसीय अभियान में 385 पुलिस बल की 95 टीमों द्वारा 498 स्थानों पर दबिश व चैकिंग की गई।

जिसमें 04 एनडीपीएस एक्ट, 09 आबकारी एक्ट, 71 स्थाई वारंटी, घोषित अपराधी 299 दप्रस.,10 एच.एस.01 ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया गया है।

धारा 170 बीएनएसएस के तहत 89 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस थाना छतरगढ़ की टीम ने एनडीपीएस एक्ट में वांछित पांच हजार रूपये का ईनामी आरोपी छगनदान निवासी डेली तलाई को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस थाना नयाशहर टीम ने अभियान के दौरान शातिर चोर को गिरफ्तार कर विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 08 मोटरसाईकिलें बरामद की गई है।